**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या** : 2031
**गुरुवार**, 31 **जुलाई**, 2025/9 **श्रावण**, 1947 (**शक**) **को दिया जाने वाला उत्तर**

**पंजाब में विमानपत्तनों का विकास**

2031. **श्री चरनजीत सिंह चन्नीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पंजाब के प्रमुख शहरों जैसे आदमपुर, लुधियाना और पठानकोट में क्षेत्रीय विमानपत्तनों पर उपलब्ध सुविधाओं/संसाधनों के कम उपयोग और पर्याप्त अवसंरचना की कमी की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त शहरों में हवाई संपर्क में सुधार के लिए उड़ान योजना और अन्य पहलों के अंतर्गत कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त विमानपत्तनों से संचालित उड़ानों की संख्या कितनी है और अगले वर्ष इसमें कितनी वृद्धि होने की उम्मीद है; और

(घ) इन विमानपत्तनों पर अवसंरचना के उन्नयन से संबंधित कार्य पूरा करने के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा निर्धारित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री** (**श्री मुरलीधर मोहोल**)

(क) से (ग): 'उड़ान' योजना के अंतर्गत पंजाब में चार हवाईअड्डों नामतः आदमपुर, भटिंडा, लुधियाना और पठानकोट को चिह्नित किया गया है और उनका प्रचालान शुरू किया गया है।
'उड़ान' बाज़ार-आधारित योजना है जिसके तहत समय-समय पर बोली प्रक्रिया के दौर आयोजित किए जाते हैं। विशिष्ट मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें 'उड़ान' योजना के तहत बोली प्रक्रिया के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। वैध बोलियों का मूल्यांकन किया जाता है और मार्गों के परिचालन के लिए उन्हें अवार्ड किया जाता है। पंजाब में 'उड़ान' योजना के तहत 34 मार्गों पर परिचालन शुरू हो चुका है।

(घ): आदमपुर, भटिंडा, लुधियाना और पठानकोट के लिए वर्तमान हवाई संपर्क और आवंटित निधि का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

**<u>अनुलग्नक</u>**

## आरएससी-उड़ान के तहत पंजाब में हवाईअड्डों को आवंटित निधि तथा किया गया व्यय और वर्तमान हवाई संपर्क का विवरण

| क्र. सं. | हवाईअड्डा | आरसीएस बजट (करोड़ रुपए) | 30.06.2025 तक कुल व्यय (करोड़ रुपए) | एयरलाइनों के नाम | जोड़े गए शहर | प्रति सप्ताह आवाजाही (आगमन + प्रस्थान) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आदमपुर | 125.60 | 125.60 | इंडिगो, स्टार एयर | मुंबई, हिण्डन | 28 |
| 2. | बठिंडा | 3.04 | 3.04 | एलाइंस एअर, फ़्लाइबिग | दिल्ली, हिण्डन | 24 |
| 3. | लुधियाना | 12.80 | 12.80 | फ़्लाइबिग | हिण्डन | 14 |
| 4. | पठानकोट | 5.18 | 5.18 | कोई अनुसूचित उड़ान परिचालन नहीं। | | |

*****